ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–15
दिनांक– शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25.4 एवं 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 54 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.7 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.0 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 13.0 एवं दोपहर में 29.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 3.8 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड हुई।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(24–28 फरवरी, 2024)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 24–28 फरवरी, 2024 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- उत्तर बिहार के जिलों में पूर्वानुमानित अवधि में आसमान में हल्के बादल आ सकते है। आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।
- दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। अधिकतम तापमान के 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।
- औसतन 6–8 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

• समसामयिक सुझाव

- अगात आलू की तैयार फसल की खुदाई करें। आलू की फसल जो कृषक बंधु बीज के लिए रखना चाहते हैं उसकी ऊपरी लत्तर की कटाई कर दें।
- गरमा मक्का की बुआई के लिए वैसी निचली भूमि का चयन करें जहाँ सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हों। गरमा मक्का की बुआई करें। जुताई से पूर्व खेतों में प्रति हेक्टेयर 10–15 टन गोबर की खाद, 50 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम स्फुर एवं 30 किलोग्राम पोटास का व्यवहार करें। बुआई के लिए सुवान, देवकी, गंगा 11, शक्तिमान 1,2,3,4 एवं शक्तिमान 5 किस्में अनुशंसित है। बीज दर 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम थीरम या कैप्टाफ द्वारा उपचारित कर बुआई करें।
- गरमा सब्जियों की बुआई करें। भिंडी के लिए परभनी क्रान्ति, अर्का अभय, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार, के0एस0–312 लौकी के लिए राजेन्द्र चमत्कार, पूसा समर प्रौलिफिक लॉंग, पूसा समर प्रौलिफिक राउंड नेनुआ के लिए राजेन्द्र नेनुआ–1, पूसा चिकनी पूसा प्रिया, कल्याणपुर चिकनी करेला के लिए पूसा दो मौसमी, पूसा विशेष, कोयम्बटूर लॉंग, पंत करेला और कल्याणपुर बारहमासी अनुशंसित किस्में हैं। स्वस्थ फसल के लिए बीज को सदैव उपचारित कर बुआई करें।
- सुर्यमुखी की बुआई करें। बुआई से पूर्व 100 क्विंटल कम्पोस्ट, 30 किलोग्राम नेत्रजन, 80 किलोग्राम स्फुर, 40 किलोग्राम पोटास प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। उत्तर बिहार के लिए सूर्यमूखी की उन्नत संकुल प्रभेद मोरडेन, सूर्या, सी0ओ0–1 एवं पैराडेविक तथा संकर प्रभेद के लिए बी0एस0एच0–1, के0बी0एस0एच0–1, के0बी0एस0एच0–44, एम0एस0एफ0एच0–1, एम0एस0एफ0एच0–8 एवं एम0एस0एफ0एच0–17 अनुसंषित है। संकर किस्मों के लिए बीज दर 5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा संकुल किस्मों के लिए 8 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। बुआई से पहले प्रति किलोग्राम बीज को 2 ग्राम थीरम या कैप्टाफ दवा से उपचारित कर बुआई करे।
- पिछात बोयी गयी सरसों की फसल में लाही कीड़ों के प्रकोप का अनुकुल समय चल रहा है। अतः सरसों में इस कीट की निगरानी करें। फसल में इस कीट का प्रकोप होने पर बचाव के लिए डाईमेथोएट 30 ई0सी0 दवा का 1.0 मि0ली0 प्रति लीटर पानी की दर से घोल कर समान रुप से छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
- रवी मक्का की धनबाल व मोचा निकलने से दाना बनने की अवस्था वाली फसल में प्रयाप्त नमी बनाए रखें।
- केला में निकाई–गुड़ाई करे। केला की सुखी एवं रोगग्रस्त पत्तियों को काटकर खेत से बाहर करें। गुड़ाई करने के बाद प्रति केला 200 ग्राम युरिया, 200 ग्राम म्युरेट ऑफ पोटाश एवं 100 ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट का प्रयोग कर हल्की सिंचाई करे।
- प्याज की फसल में थ्रिप्स कीट की निगरानी करें। यह प्याज को नुकसान पहुँचानेवाला मुख्य कीट है। तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ–साथ फसल में इस कीट की सक्रियता में वृद्धि होती है। यह आकार में अतिसुक्ष्म होता है तथा पत्तियों की सतह पर चिपक कर रस चुसते है जिससे पत्तियों का ऊपरी हिस्सा टेढ़ा–मेढा हो जाता है। पत्तियों पर दाग सा दिखाई देता है जो बाद में हल्के सफेद हो जाते है। जिससे उपज में काफी कमी आती है। थ्रीप्स की संख्या फसल में अधिक पाये जाने पर प्रोफेनोफॉस 50 ई0सी0 दवा का 1.0 मि0ली0 प्रति लीटर पानी या इम्डिाक्लोप्रिड दवा का 1.0 मी.ली. प्रति 4 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।
- अगात बोयी गई गेहूँ की दाना बनने से दूध भरने की अवस्था वाली फसल में प्रयाप्त नमी का विशेष ध्यान रखें। इस अवस्था में नमी की कमी रहने से उपज में कमी आती है।
- चारा के लिए ज्वार, मकई और बाजरे की बुआई करे। गरमा मूंग तथा उरद की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें।

आज का अधिकतम तापमानः 25.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.4 डिग्री कम	आज का न्यूनतम तापमानः 14.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक

(डॉ0 गुलाब सिंह)
तकनीकी पदाधिकारी/वैज्ञानिक (कृषि मौसम)

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी (कृषि मौसम)